भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 163**

उत्तर देने की तारीख 01 दिसंबर, 2025

10 अग्रहायण, 1947 (शक)

# बर्धमान-दुर्गापुर में युवा कौशल विकास पहल

**163. श्री कीर्ति आज़ाद :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बर्धमान-दुर्गापुर में कार्यशील जिला स्तरीय नेहरू युवा केंद्रों (एनवाईके) की संख्या कितनी है, जिनमें स्वीकृत और भरे हुए कर्मचारी पद भी शामिल हैं;

(ख) वर्ष 2022 से 2025 तक आयोजित युवा संसद और युवा उत्सव जैसी युवा सहभागिता गतिविधियों का ब्यौरा और प्रभाव क्या है, जिसमें आदिवासी और हाशिए पर रहने वाले युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है;

(ग) क्या वर्धमान-दुर्गापुर के वंचित पेरी-अर्बन और ग्रामीण ब्लॉकों में एनवाईके के लिए नए कवरेज विस्तार की योजना बनाई गई है और यदि हाँ, तो अपेक्षित समय-सीमा क्या है; और

(घ) बर्धमान-दुर्गापुर में विशेषकर प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या, प्रशिक्षित उम्मीदवार, प्लेसमेंट दरें और नियोक्ता लिंकेज कौशल विकास मिशनों की स्थिति क्या है, जिसमें प्रमुख राज्य योजना "उत्कर्ष बांग्ला" और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 4.0) शामिल हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) बर्धमान-दुर्गापुर में दो कार्यशील जिला स्तर के माई भारत केंद्र (पूर्व में नेहरू युवा केंद्र) हैं, अर्थात् पूर्व बर्द्धमान और पश्चिम बर्धमान-दुर्गापुर, और इन दोनों केंद्रों में स्वीकृत और भरे गए पदों का विवरण इस प्रकार है:

| क्रं. सं. | माई भारत के जिला केंद्र का नाम | पद का नाम | स्वीकृत पदों की संख्या | 25.11.2025 तक भरे गए पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्ब बर्धमान | जिला युवा अधिकारी (डीवाईओ) | 01 | 01 |
| | | लेखा और कार्यक्रम सहायक (एपीए) | 01 | 00 |
| | | मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) | 01 | 01 |
| 2. | पश्चिम बर्धमान - दुर्गापुर | जिला युवा अधिकारी (डीवाईओ) | 01 | 01 |
| | | लेखा और कार्यक्रम सहायक (एपीए) | 01 | 00 |
| | | मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) | 01 | 01 |
| | **कुल** | | **06** | **04** |

(ख) माई भारत ने युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न युवा जुड़ाव पहलों जैसे पड़ोस युवा संसद, राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव/विकसित भारत युवा संसद, और युवा उत्सव का आयोजन किया है। इन कार्यक्रमों में जनजातीय और पिछड़े समुदायों सहित समाज के सभी वर्गों के युवाओं ने हिस्सा लिया है।

पड़ोस युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को एक संस्थागत मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपने जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त कर सकें, सामाजिक-आर्थिक और विकास संबंधी मामलों पर चर्चा कर सकें और सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण पर विचार साझा कर सकें।

राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ)/विकसित भारत युवा संसद: 2024–25 से, एनवाईपीएफ को विकसित भारत युवा संसद के रूप में पुनः कल्पित किया गया है, जो विकसितभारत@2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह कार्यक्रम युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों में भाग लेने, समझ से राय विकसित करने, प्रभावी ढंग से अपनी अभिव्यक्ति करने और जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लोकतांत्रिक विचार-विमर्श में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है।

युवा उत्सव का उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को बढ़ावा देना और देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाना है। इसमें पांच घटक शामिल हैं - चित्रकला, कविता लेखन, फोटोग्राफी, भाषण, और सांस्कृतिक महोत्सव - जो पाँच प्राण पर ध्यान केंद्रित करके आयोजित किए जाते हैं।

2022 से 2025 तक आयोजित युवा सहभागिता गतिविधियों का विवरण अनुबंध-क में दिया गया है।

(ग) वर्तमान में, बर्धमान-दुर्गापुर के वंचित पेरी-अर्बन या ग्रामीण ब्लॉकों में माई भारत के विस्तार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) पीएमकेवीवाई 4.0 पीएमकेवीवाई स्कीम का नवीनतम संस्करण है जो वित्तीय वर्ष 22-23 से लागू है। यह पश्चिम बंगाल सहित देश भर के युवाओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व

ज्ञान की पहचान (आरपीएल) के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग और अपस्किलिंग एवं रिस्किलिंग प्रदान कर रहा है, जिसका लक्ष्य उन्हें उद्योग संबंधित कौशल से लैस करके रोजगार के अवसरों तक पहुंचने के लिए उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाई जा सके। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत 31.10.2025 तक पूर्व बर्द्धमान और पश्चिम बर्द्धमान (दुर्गापुर को शामिल करते हुए) में प्रशिक्षित / उन्मुख उम्मीदवारों और नामांकित प्रशिक्षण केंद्रों का विवरण इस प्रकार है:

| **जिला** | **प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या** | **प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की संख्या** |
|---|---|---|
| **पश्चिम बर्धमान** | 10 | 1,218 |
| **पूर्ब बर्धमान** | 19 | 4,291 |

पीएमकेवीवाई स्कीम के तहत, वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक लागू शॉर्ट-टर्म ट्रेनिंग (एसटीटी ) घटक में, जो पीएमकेवीवाई स्कीम के पहले तीन संस्करणों पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 में शामिल प्लेसमेंट को ट्रैक किया गया था । पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, फोकस इस बात पर था कि हमारे प्रशिक्षित उम्मीदवार अपने विविध करियर पथ को चुनने में सक्षम हों और उनके लिए उपयुक्त मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। इसके अलावा, ऑन-जॉब ट्रेनिंग पीएमकेवीवाई के तहत सभी कौशल विकास कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो उम्मीदवारों को वास्तविक उद्योग सेटअप में प्रशिक्षित होने में मदद करता है और इसके बाद वे अपने करियर पथ का चयन कर सकते हैं।

*****

**अनुबंध-क**

**बर्धमान-दुर्गापुर में युवा कौशल विकास पहल के संबंध में श्री आज़ाद कीर्ति झा द्वारा दिनांक 01.12.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 163, के उत्तर के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

**युवा जुड़ाव गतिविधियों जैसे पड़ोस युवा संसद, राष्ट्रीय युवा संसद और 2022 से 2025 तक आयोजित युवा उत्सव का विवरण :**

**क) पड़ोस युवा संसद:**

| | **जिला** | **पूर्ब बर्धमान** | | **पश्चिम बर्धमान - दुर्गापुर** | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. सं. | वित्तीय वर्ष | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
| 1 | 2022-23 | 1 | 1890 | 1 | 646 |
| 2 | 2023-24 | 1 | 1964 | 1 | 644 |
| 3 | 2024-25 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**ख) विकसित भारत युवा संसद/राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ):**

| | **जिला** | **पूर्ब बर्धमान** | | **पश्चिम बर्धमान - दुर्गापुर** | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. सं. | वित्तीय वर्ष | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
| 1 | 2022-23 | * | 11 | * | 12 |
| 2 | 2023-24 | * | 10 | * | 10 |
| 3 | 2024-25 | 1 | 106 | 1 | 133 |

* **प्रोग्राम वर्चुअल मोड में हुआ।**

** **2024-25 से एनवाईपीएफ को विकसित भारत युवा संसद के रूप में नया रूप दिया गया है, जो विकसित भारत@2047 की अवधारणा के अनुरूप है।।**

**ग) युवा उत्सव :**

| | **जिला** | **पूर्ब बर्धमान** | | **पश्चिम बर्धमान - दुर्गापुर** | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. सं. | वित्तीय वर्ष | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
| 1 | 2022-23 | 1 | 307 | 1 | 303 |
| 2 | 2023-24 | 1 | 202 | 1 | 296 |
| 3 | 2024-25 | 1 | 307 | 1 | 518 |

*****